<u>भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन</u>

भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं हिंदी के प्रचार - प्रसार व प्रगति के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में दिनांक 27 सितंबर, 2021 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस हिंदी कार्यशाला में कुल 17 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हिंदी कार्यशाला में सचिव, न.रा.का.स., वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड, नागपुर के श्री मनोज कुमार ने 'हिन्दी भाषा और उसके प्रयोग' विषय पर अपने व्याख्यान दिये।

अपने व्याख्यान में श्री मनोज कुमार, सचिव, न.रा.का.स., ने हिन्दी भाषा की विस्तृत जानकारी देते हुए, कहा कि हिन्दी का प्रयोग रोजमर्रा के कामकाज में करना चाहिए तभी आप सहजता से हिन्दी का प्रयोग कर पाएंगे। साथ ही कहा कि हिंदी भाषा को प्रयोग करने के लिए प्रतिबद्धता दिखानी होगी। अपने व्याख्यान में उन्होंने राजभाषा से संबंधित लीला एप के बारे में भी विस्तार से बताते हुए कहा कि देश की वास्तविक प्रगति निज भाषा से ही संभव हैं। इस दौरान प्रतिभागियों ने उनसे कुछ सवाल जवाब करते हुए अपनी समस्याओं का समाधान भी किया।

कार्यशाला के पश्चात प्रतिभागियों से कार्यशाला के विषय में उनकी प्रतिक्रियाएं भी प्राप्त की गई। सभी प्रतिभागियों ने सकारात्मक प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। अपनी प्रतिक्रियाओं में प्रतिभागियों ने कहा कि तकनीकी माध्यम से आयोजित की गई यह ऑन लाईन कार्यशाला सराहनीय है। कार्यशाला में श्री मनोज कुमार, सचिव, न.रा.का.स., द्वारा दिए गए व्याख्यान की प्रतिभागियों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि 'हिन्दी भाषा और उसके प्रयोग' की यह जानकारी निश्चित ही लाभदायक साबित होगी तथा दैनंदिन काम - काज में इसका बहुत योगदान होगा।

साथ ही प्रतिभागियों ने तकनीकी माध्यम से वेविनार के रूप में आयोजित की गई इस कार्यशाला के सफलता हेतु श्री अभय अग्रवाल, क्षेत्रीय खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी, श्री अभिनय कुमार शर्मा, सहायक संपादक एवं हिंदी अनुभाग की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।


VidyoConnect
12
Webroom-MH4
Speaking
hemlata pal
Smt Shalu Wagh
Sheshrao Koche
S B Rinke , TMP Division
GN
Govind Nimje
abhinay sharma
Smt Shalu Wagh
Sheshrao Koche
AMIT KUMAR
Bijjaya B K Sahu
Click to pin
Type here to search
29°C
15:53
27-09-2021


VidyoConnect
12
Webroom-MH4
Speaking
abhinay sharma
S B Rinke , TMP Division
hemlata pal
abhinay sharma
Bijjaya B K Sahu
hemlata pal
AMIT KUMAR
S B Rinke , TMP Division
Smt Shalu Wagh
Type here to search
30°C
16:26
27-09-2021